







**सार्थक पहल** | **कलेक्टर की सार्थक पहल रंग लाई, समाजसेवी, उद्योगपति, व्यापारियों ने भी मदद देने बढाए हाथ**

# एक करोड़ की लागत से होगा जिले के शासकीय स्कूलों का जीर्णोद्धार



**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 10अपैल,** जिले के जर्जर हो चुके शासकीय स्कूलों का कलेक्टर की पहल पर अब समाजसेवी संगठनों, व्यापारी, उद्योगपतियों की मदद से लगभग एक करोड़ की राशि से जीर्णोद्धार किया जाएगा,जिससे अब नए शिक्षण सत्र में यह शासकीय स्कूल भी मजबूत के साथ ही रंग बिरंगी और आकर्षक नजर आऐंगे।

**जर्जर स्कूलों में अनहोनी का मंडराता है खतरा:**

गौरतलब हो कि जिले में वर्षों पूर्व में बने शासकीय स्कूल भवनों में कुछ स्कूलों की छत जर्जर होने से वर्षो ऋतु के दौरान इन टूटी छतों से पानी रिसने से इन स्कूलों में पढ़ने आने वाले छात्रों को कई परेशानियों का सामना करना पड रहा है। हालांकि सरकार द्वारा दो तीन वर्षों में एक बार स्कूलों के मरम्मत के लिए राशि दी जाती है,लेकिन वह ना काफी होती है,इस राशि से इन स्कूलों के छत के मरम्मत तो दूर की बात साफ-सफाई तथा रंग रोगन तक तक नहीं हो पाता है,जिसके परिणामस्वरूप वर्ष प्रतिवर्ष इन स्कूलों की छत तथा भवन भी जर्जर होने लगे है,जिससे यहां कभी भी कोई अनहोनी होने का खतरा हमेशा मंडराता रहता है।

**सुधार कार्यो को लेकर गहन चिंतन:**

इसी बात से चिंतित जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ जर्जर हो चुके इन शासकीय स्कूलों के सुधार को लेकर बीते 18 मार्च 2026 को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले के शासकीय स्कूलों की वर्तमान स्थिति एवं प्रस्तावित मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्यों को लेकर अधिकारियों से गहन चर्चा की थी।

**समीक्षा कर दिए स्पष्ट निर्देश:**


इस दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा जर्जर हो चुके विद्यालय में प्रस्तावित मरम्मत कार्यों की अनुमानित लागत,तकनीकी समस्याओं एवं आवश्यक संसाधनों की जानकारी लेंने के साथ विद्यालयों के दिवारों,छत की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उसकी मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए उन्होंने मरम्मत कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर किचन शेड,शौचालय एवं विद्यालय के छत के सुधार कराने के कार्यों को चिन्हित करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे ।



**वर्षों ऋतु के पूर्व होंगे सभी कार्य**

समीक्षा बैठक के दौरान ही कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को जर्जर हो चुके स्कूलों को चिन्हित कर आगामी 15 अप्रैल से इन स्कूलों के मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर वर्षो ऋतु के पहले ही यह सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के मंशा के अनुरूप पांढुरना सहित सौंसर के भी विभागीय अधिकारियों द्वारा ऐसे स्कूलों के चिन्हित कर वहां किए जाने वाले कार्यों की सूची जिला कलेक्टर को सौंपी है।





**लगभग 90 स्कूलों की हालत जर्जर**

विभागीय सूत्रों की मानें तो जिला कलेक्टर को सौंपी गई सूची में पांढुरना विकासखंड के लगभग 55 तो वहीं सौसर के 35 शासकीय स्कूलों को मरम्मत करने के लिए चिन्हित किया गया है,इन जर्जर हो चुके स्कूलों के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की राशि का व्यय होने का अनुमान है।

**कलेक्टर की पहल पर मदद देने आगे आए लोग**

जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ द्वारा शासकीय स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए की जा रहीं इस पहल की सर्वेत्र मुक्त कंठ से सराहना कर इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए नगर सहित जिले के कई समाजसेवी संगठन के प्रतिनिधियों के साथ ही व्यापारी, उद्योगपतियों ने स्वयं ही सामने से आकर स्कूलों के जीर्णोद्धार हेतू खुले मन से अपनी निजी राशि देंने की मंशा जाहिर कर रहे है।

**अब बारिश तथा गर्मी में भी शासकीय स्कूलों के छात्र रहेंगे सुरक्षित**

विभागीय सूत्रों की मानें तो इन जर्जर स्कूलों के छत से टपकने वाले वर्षो ऋतु के पानी के साथ ही ग्रीष्म ऋतु की भीषण गर्मी तथा गर्म हवाओं के थपेड़ों से छात्रों को सुरक्षित रखने हेतु इन स्कूल भवन तथा आसपास नया स्टेक्चर ही खडा कर दिया जाएगा,जिसमें उच्च क्वालिटी की मोटी सीट का उपयोग करेंगे,जिसके बाद इन स्कूलों की छतों पर वर्षो ऋतु की एक भी पानी की बंदू तक नहीं गिरेंगी और वहीं दीवारें भी पूरी तरह सुरक्षित रहेंगी।

## भाजपा ने गांव चलो बस्ती चलों अभियान के तहत चलाया सफाई अभियान



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 10 अप्रेल.** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन-जन से जुडने के उद्येष्य से चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी गांव चलों बस्ती चलों अभियान के तहत वार्ड 13 में विविध कार्यक्रम जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के नेतृत्व में सम्पन्न हुये। जिसमें श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश देना तथा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान के तहत पशु चिकित्सालय परिसर से हनुमान मंदिर तक विशेष सफाई अभियान चलाया गा। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, भाजपा नेता एड हरिष बतरा, उषा भमोरे, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे सहित पार्षदों ने सफाई करके स्वच्छता ही सेवा है और स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिये स्वच्छ वातावरण के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। इसके पष्चात वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने वरिजष्ठजनों को पार्टी का पटका एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि, समर्पित कार्यकर्ताओं का स्नेह और वरिष्ठो का मार्गदर्शन ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। जिसके बल पर भाजपा निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर हो रही है। इस दौरान बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत बडचिचोली में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ, सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत



**पांढुर्णा /10 अप्रैल,** पांढुर्णा जिले के ग्राम पंचायत बडचिचोली में दिनांक 9 अप्रैल 2026 को पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती भारतीय शेंडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच महोदया ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बडचिचोली में पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें संतुलित आहार और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की गई। साथ ही, समुदाय के लोगों को आमंत्रित कर पोषण विषय पर चर्चा की गई और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं सेक्टर पर्यवेक्षक सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

## 8वें पोषण पखवाड़ा के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर विशेष फोकस



**पांढुर्णा /10 अप्रैल,** आज दिनांक 10 अप्रैल को दिनांक 09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक 8 वां पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आज /ङ्क्स।ह्ष्ठ के दौरान गर्भवती महिला एवं बच्चों के विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा में गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पूर्व जांच, गर्भावस्था एवं धात्रीकाल में उचित आहार के संबंध में समझाइश दी जा रही है। स्थानीय स्तर पर उक्त कार्यक्रम में पोषण की थाली का आयोजन किया गया। दिनांक 09 अप्रैल 2026 से लेकर 23 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिवस थीम अनुसार कार्यक्रम प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में संचालित किए जाएंगे। आंगनवाड़ियों में औपचारिक शिक्षा एवं खेलकूद, बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखने के लिए माता-पिता एवं समुदाय को जागरूक किया जा रहा है।

## किशोरी बालिकाओं के लिए एच पी वी वैक्सीन लगवाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने लिया प्राइवेट चिकित्सकों की मीटिंग



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 10 अप्रेल.** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन के अंतर्गत आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिद्धार्थ पटेल सौसर विकासखंड की निजी चिकित्सकों की बैठक लेकर एच पी व्ही वैक्सीन से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने को कहा, मीटिंग में निजी चिकित्सकों ने कहा कि वह इस वैक्सीन के संबंध में समाज में जागरूकता लाएंगे, इस मीटिंग में डॉ शीतल बोकडे डॉ प्रिया मोहोड, डॉ डॉ सुप्रिया नखाते,डॉ श्रीकांत सोमकूवर,प्रफुल्ल कंटक , डॉ आशीष भट्टड, आदि चिकित्सक शामिल थे।आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे ने सभी प्राचार्य की मीटिंग आयोजित कर इस वैक्सीन के संबंध में पालकों की सहमति से स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेशन आयोजित कर अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं को टीका लगवाने को कहा ,मीटिंग में डॉ मीना ठाकरे ने इस वैक्सीन के फायदे एवं आवश्यकता के विषय में जानकारी दिया , यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित हैं एवं भविष्य में गंभीर बीमारी से बचाव करता है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे पूर्णतः टेस्टिंग के उपरांत ही जनसमुदाय के लिए लागू किया गया है।

# पांढुरना के चोरों के घरों से 45 लाख का चोरी का सामान जप्त कर लें गई महाराष्ट्र पुलिस



**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 10अपैल,** महाराष्ट्र के लोगों के घरों से सोने,चांदी के आभूषण,नगद राशि के साथ ही किसानों के खेतों से कृषि उपज चुराने वाले पांढुरना के कब्बाडी मोहल्ले के तीन युवकों के घरों से आज पांढुरना थाना प्रभारी अमित दाणी के मौजूदगी में महाराष्ट्र के नागपुर की क्राइम ब्रांच की पुलिस ने लगभग 45 लाख रूपयों के सामान की जप्ती कर अपने साथ ले गई।

उल्लेखनीय हो कि महाराष्ट्र के नागपुर क्राइम ब्रांच की पुलिस टीम द्वारा पांढुरना नगर के कब्बाडी मोहल्ले के तीन युवकों को गिरफ्तार कर की गई पूछताछ में इन युवकों ने बताया कि उन्होंने महाराष्ट्र के केलवद,जलालेखा,सावनेर,नरखेड आदि शहरों में रहने वाले लोगों के घरों से सोने चांदी के आभूषणों के साथ ही महाराष्ट्र के किसानों के खेतों,खलियानों से कृषि उपज गेहूं,तुअर,कपास चुराकर उसे पांढुरना के ग्राम मोरडोंगरी के युवक पिकअप वाहन में लाद्कर यहां लाकर व्यापारियों को बेच देते थे ।

नागपुर क्राइम ब्रांच के लगभग तीस पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों को एक दल शुक्रवार को पांढुरना पहुंचा जहां इन्होंने पांढुरना थाना प्रभारी की मौजूदगी में पुलिस थाने के आरक्षक अशोक हरसुले,पुष्पेंद्र सिंह राजपूत के सहयोग से नगर के कब्बाडी मोहल्ले में रहने वाले इन तीन चोर युवकों के घरों से महाराष्ट्र से चोरी करके लाया गए सामान तथा इन चोरी के पैसों से खरीदी फ्रिज,टीव्ही तथा अन्य घरेलु साजो सामान के साथ ही जिस पिकअप वाहन से महाराष्ट्र के किसानों के खेतों से कृषि उपज चोरी कर लाते थे उस वाहन एवं बाइक के साथ ही कुल लगभग 45 लाख रूपयों के सामान की जप्ती कर महाराष्ट्र पुलिस अपने साथ ले गई है।

# महाविद्यालय लोधीखेड़ा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 10 अप्रेल.** शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा के विद्यार्थियों ने खेलों के विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सेदारी करते हुए जिला स्तर,संभाग स्तर एवं राज्य स्तर से होकर राष्ट्रीय स्तर तक के विभिन्न खेलों में अपना झंडा लहराये है।

शासकीय महाविद्यालय लोधी खेड़ा के खेल अधिकारी सोहन सिंह धुर्वे के नेतृत्व में खोखो ,कबड्डी , बैडमिंटन , एवं एथलेटिक्स के अन्य विधाओं में यह विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर महाविद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेलने का काम कर रहे हैं। हाल ही में महाविद्यालय के बी ए तृतीय वर्ष के विद्यार्थी सुरेश बेटे ने खो-खो प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के अंतर विश्वविद्यालय टीम में चयनित होकर महाराष्ट्र के नांदेड जिला में खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सेदारी किया है। इसी तरह से रजनी ढेकु कोयल घुगल मीनाक्षी डोमने ने संभाग स्तर पर खोखो खेल प्रतियोगिता में महिला टीम में अपना प्रदर्शन दिखाया।

रितेश पन्द्रे रविंद्र बन ने खो खो प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर खेले, इसके साथ-साथ कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष टीम की तरफ से अजीत ढेकू प्रदेश स्तर पर खेलने का काम कर रहे हैं सुरेश बेटे और रविंद्र बन भी संभाग स्तर पर बैडमिंटन खेलने का काम कर रहे है।

बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गौरव एवं कुनाल अहाके भी कबड्डी में जिला स्तर पर खेल करके महाविद्यालय को पदक दिलाने का काम किए हैं। एथलेटिक्स दौड़ 800 मीटर में महाविद्यालय के प्रमोद बागडे ने अपनी जीत सुनिश्चित की है ।

शासकीय महाविद्यालय लोधी खेड़ा के खेल अधिकारी सोहन सिंह धुर्वे ने सभी खिलाडियों को बधाई दी।

## 15 अप्रैल को जिला स्तरीय 'युवा संगम मेला' का आयोजन

**युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर**

**पांढुर्णा /10 अप्रैल,** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ निर्देशानुसार 15 अप्रैल को शासकीय आई.टी.आई. पांढुर्णा में जिला स्तरीय युवा संगम मेला (रोजगार, स्वरोजगार और अपरेंटिसशिप मेला) का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में मुख्य रूप से तीन नियोक्ताओं द्वारा भर्ती की जाएगी। सफल (सुरुचि) फूड प्रोडक्ट प्रा.लि. बोरगांव को मेंटेनेन्स मैकेनिक्स, सुपरवाइजर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है, जिसके लिए आई.टी.आई., कंप्यूटर डिप्लोमा या स्नातक पास 18 से 25 वर्ष के युवा पात्र होंगे और उन्हें 11,000 से 15,000 तक का वेतन दिया जाएगा। दूसरी ओर, एम आर एफ टायर्स प्रा.लि. दहेज द्वारा मशीन ऑपरेटर के पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें 12वीं या आई.टी.आई. उत्तीर्ण 18 से 25 वर्ष के युवाओं को 11,000 से 16,000 का मानदेय मिलेगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) पांढुर्णा द्वारा बीमा सखी, ऑफिस वर्क और एजेंट के पदों हेतु 10वीं, 12वीं या स्नातक उत्तीर्ण उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिनके लिए आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक और वेतन 5,000 से 7,000 के बीच निर्धारित है।

# नगर का विकास जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सामूहिक प्रयास से संभव : मोहोड



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 10 अप्रेल .** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा की अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, मुख्य नपा अधिकारी मौसम पालेवार की उपस्थिति में विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त मनोनित पार्षद मिलिंद वाडेकर, कविता फरकारे, दिनेश भकने, पवन सरोदे, मिलनदास बेंडे का स्वागत सत्कार किया गया। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने का कहा कि, नगर का विकास सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं और पारदर्षी प्रशासन पर विशेष जोर देते हुये कहा कि, नगर पालिका द्वारा किये जा रहे निर्णय जनहित में महत्वपूर्ण साबित होगे। उन्होने सभी पार्षदों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आव्हान किया। नगराध्यक्ष श्रीमती डागा ने कहा कि, परिषद का उद्येष्य नगर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाना हैं, आज का बजट विकासोन्मुख है जिसमें नागरिकों की मूलभूत आवष्यकताओं को प्राथमिकतायें दी गई। इस दौरान नवीन फायर वाहन का लोकार्पण एवं नगर पालिका की नई वेबसाइट का शुभारंभ किया गया।

**नपा ने किया 56 करोड का बजट प्रस्तुत:** इसके उपरांत आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें राजस्व एवं पूंजीगत मदों से कुल आय 56 करोड 93 लाख 8 हजार रूपयें तथा कुल व्यय 56 करोड 88 लाख 17 हजार 185 रूपयें प्रस्तावित किया गया। इसप्रकार लगभग 4 लाख 90 हजार 815 रूपये की बचत दर्षाई गई। वही वर्ष 2025-26 के नुरनीक्षित बजट को भी परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया। अवसर पर पार्षदद्वय राजस्व निरीक्षक रमण बागडे, उपयंत्री अरूण कुमार कोल्हे आदि उपस्थित थे।